an>

Title: Need to give compensation to farmers whose crops got damaged due to heavy hailstorms in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के गृह मंत्री तथा कृषि मंत्री जी का ध्यान मध्य प्रदेश में लगातार किसानों की फसल पर हो रही ओलावृष्टि से हुए भयंकर नुकसान की ओर दिलाना चाहता हूं। माननीय कृषि मंत्री जी ने आम बजट में कल संसद में हो रही बहस के दौरान इंटरविन करते हुए देश में हुई विभिन्न राज्यों में भीषण ओलावृष्टि का उल्लेख कर रहे थे । मैंने उसी समय कहा था कि मध्य प्रदेश में 260 गांव जो पहले थे, उसके अलावा 14 तारीख को भयंकर ओलावृष्टि हुई है, जिसमें मेरे जिले के 124 गांव प्रभावित हुए हैं। रघुराज नगर तहसील में 14, कोटर तहसील में 23, रामपुर बाघेलान तहसील में 13, बिरसिंहपुर तहसील में 14, उचेहरा तहसील में 24, अमरपाटन तहसील में 9, मैहर तहसील में 27 गांवों के किसानों की गेहूं, चना, जवा, मसूर, मटर, राई, सरसों, टमाटर, प्याज, लहसुन की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गयी है। सभी खेतों में आंवले के बराबर ओले गिरे हैं। ...(व्यवधान)

मैं भारत सरकार से तत्काल केन्द्रीय अध्ययन दल भेजे जाने तथा किसानों को राहत राशि देने की मांग करता हूं।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel,

Shri Sharad Tripathi and

Dr. Manoj Rajoria is permitted to associate with the issue raised by Shri Ganesh Singh.